हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, सोमवार, 1 दिसंबर 2025

12 गीता कर्म, समर्पण व लोक कल्याण का संदेश...



12 नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा...



# गीता महोत्सव में अधिकारी ही नदारद, विधायक बोले... चेतावनी समझें या सुझाव, कान खोलकर सुन लें, जिला महत्वपूर्ण इसे अधिकारी हल्के में न लें

**उपायुक्त चल रहे अवकाश पर, संडे के दिन महोत्सव में एडीसी, एसडीएम और सीटीएम भी नहीं पहुंचे**

सतीश सैनी ▶▶ नारनौल

अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 के तहत आईटीआई मैदान में आयोजित जिला स्तरीय गीता महोत्सव के दूसरे दिन रविवार बतौर मुख्य अतिथि महेंद्रगढ़ विधायक कंवर सिंह यादव पहुंचे। प्रदर्शन व गीता महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने के बाद जब उनकी बारी संबोधन की आई, तब तक वहां जिला का कोई बड़ा प्रशासनिक अधिकारी मौजूद नहीं था। इस बात से विधायक अच्छे खासे नाराज हो गए। उन्होंने अपने संबोधन में प्रशासनिक अधिकारियों के लिए स्पष्ट कहा कि इसे चेतावनी समझे या सुझाव। कान खोलकर सुन लें। अधिकारियों की गैरमौजूदगी किसी भी सूरत में बर्दाश्त लायक नहीं होगी। वह इस मामले में मुख्यमंत्री से बात करेंगे। चिंता जरूर कर लें। यह जिला बहुत ही महत्वपूर्ण जिले की गिनती में है। इस जिले को हलके में लेने की कोशिश ना करें।

दरअसल, कई दिनों से उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार अवकाश पर है। उपायुक्त की अनुपस्थिति में 27 नवंबर को अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव- 2025 के उपलक्ष में जिला स्तरीय कार्यक्रम को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त उदय सिंह ने जिला के विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ बैठक लेकर कार्यक्रम में आहूति डालने को कहा था। शनिवार को जब इस महोत्सव का शुभारंभ था, उस वक्त एडीसी थे। अगले दिन रविवार जब दूसरे दिन महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि महेंद्रगढ़ विधायक कंवर सिंह पहुंचे तो मौके पर अधिकारी, एसडीएम ना ही सीटीएम मौजूद थे। वहीं पहले दिन स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव मुख्य अतिथि थी, वह नहीं पहुंची। दूसरे दिन महेंद्रगढ़ विधायक कंवरसिंह यादव व अंतिम दिन समापन अवसर पर मुख्य अतिथि नारनौल विधायक ओमप्रकाश यादव है।



नारनौल। महोत्सव को संबोधित करते विधायक कंवरसिंह यादव।

## गैर मौजूदगी पर विधायक ने अधिकारियों को चेताया

*दूसरे दिन रविवार को जब संबोधन की बारी मुख्य अतिथि की आई तो विधायक कंवरसिंह यादव ने गीता महोत्सव से जुड़ी जानकारी सांझा करने के बाद कहा कि जिस तरह से प्रशासन ने तैयारी की, धन्यवाद करता हूं। प्रेरणा, प्रयास व मेहनत के कारण इस सफल आयोजन के लिए प्रशासन बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि सीटीएम साहब का भी धन्यवाद करता हूं। सीटीएम व एसडीएम साहब शायद पहुंचे नहीं। परंतु इस मंच के माध्यम से यह कहना जरूर चाहूंगा कि इतने सुंदर व बढ़िया आयोजन के लिए यह कार्यक्रम ठीक भी है और चल भी रहा है। प्रशासन के अधिकारियों को भी यह सोचना चाहिए, विचार करना चाहिए कि गीता जयंती महोत्सव के इस पावन अवसर पर प्रशासन की तरफ से इस तरह की गलती कभी होनी नहीं चाहिए। इतनी तैयारी होने के बाद यदि प्रशासन के अधिकारी पहुंचते नहीं है तो उसमें कोई गुंजाइश की बात नहीं है। यदि डीसी साहब नहीं है तो प्रशासन की तरफ से सीटीएम, एसडीएम है। बहुत सारे प्रशासनिक अधिकारी है, परंतु इस आयोजन पर उपस्थित नहीं होना, बहुत खेद का विषय है। बहुत शर्म की बात है। सोचना चाहिए, विचार करना चाहिए। हम जैसे राजनीति लोग अपना कीमती समय निकालकर इन लोगों के मार्गदर्शन के लिए लोगों कर शोभा बढ़ाने के लिए आपसे विचार विमर्श करने के लिए, भगवत गीता के ज्ञान को सुनने के लिए यहां आए है। प्रशासन के अधिकारी नहीं आए, यह बर्दाश्त लायक नहीं है। इस मामले में वह मुख्यमंत्री से बात करेंगे और मैसेज आएगा। यह बात आने वाले समय में किसी भी तरह सहन योग्य बिल्कुल नहीं होगी। इसे चेतावनी समझे या सुझाव समझे, यह कान खोलकर सुन लें। अगर इस तरह के कार्यक्रम में यदि गैरहाजिरी होगी तो बर्दाश्त के बाहर होगी।*

## खबर संक्षेप

### आईटीआई में रोजगार मेला आज

**महेंद्रगढ़।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में एक दिसंबर को आईटीआई पाससुदा छात्रों के लिए रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। इसमें होण्डा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड मानेसर कंपनी के प्रतिनिधि साक्षात्कार के माध्यम से अप्रेंटिस के लिए चयन करेंगे। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति अनुसार एक दिसंबर को आयोजित जॉब मेला में फिटर, टर्नर, मशीनिस्ट, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, एमएमवी व पेंटर ट्रेड के छात्रों का अप्रेंटिस के लिए चयन किया जाएगा।

### बिजली बिल समाधान शिविर कल

**नारनौल।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित समाधान हेतु मंगलवार को विशेष बिजली अदालत व बिजली बिल समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम बिजली बोर्ड के सर्कल कार्यालय सिंघाना रोड प्रातः 11 बजे से दोपहर एक बजे तक आयोजित किया जाएगा। अधीक्षक अभियंता जोगेंद्र हुड्डा ने बताया कि शिविर में 50000 से एक लाख रुपये तक के बिजली बिल मामलों की सुनवाई की जाएगी।

**प्रशासन को कई बार करा चुके अवगत, समस्या जस की तस**

# पहाड़ में ब्लास्टिंग से परेशान उष्मापुर के ग्रामीण भड़के, लगाया जाम

**गांव से अब तक अत्यंत निकट दूरी पर तीन स्टोन क्रशर अवैध रूप से चल रहे हैं, जिससे निरंतर धूल, शोर, प्रदूषण और ट्रैकों की आवाजाही से लोगों का जीवन दुबर हो गया है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। रोड पर जाम लगाए बैठे ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

गांव उष्मापुर के ग्रामीणों ने गांव में अवैध स्टोन माइनिंग, बार-बार ब्लास्टिंग, स्टोन क्रेशर संचालन पेड़ों की अवैध कटाई, ओवरलोड ट्रैकों द्वारा प्रदूषण फैलाने से परेशान होकर ग्रामीणों ने पहाड़ के रास्ते पर जाम लगा दिया। जाम लगने की सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इसके अलावा एसएचओ संदीप कुमार भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीण को जाम खोलने को लेकर काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण तुरंत प्रभाव से पहाड़ में ब्लास्टिंग रोकने की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों ने कहा कि वह कई बार इस परेशानी को लेकर प्रशासन को अवगत करवा चुके हैं, लेकिन अभी तक समस्या का हल नहीं हुआ है। समाचार लिखे जाने तक ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े हुए थे।

ग्रामीणों ने बताया कि पहाड़ में ब्लास्टिंग के कारण गांव के कई घरों की दीवार, फर्श, और छत में गंभीर दरारें आ चुकी है। वह अपने ही घरों में असुरक्षित महसूस कर रहे हैं तथा प्रत्येक ब्लास्टिंग के समय कंपन इतना तेज होता है कि बच्चे और बुजुर्ग भयभीत हो जाते हैं। ब्लास्टिंग और भारी मशीनों के कारण 24 घंटे कंपन महसूस होती है। इसके अलावा ग्रामीण रात में सो नहीं पाते, जिससे मानसिक तनाव बढ़ रहा है। इसके अतिरिक्त हरे पेड़ों की अवैध कटाई कर पर्यावरण क्षति पहुंच रही है। खनन के दौरान बड़ी संख्या में हरे पेड़ काट दिए गए है। उन्होंने बताया कि यहां अवैध रूप से तीन स्टोन क्रेशर संचालित है। गांव से अब तक अत्यंत निकट दूरी पर तीन स्टोन क्रेशर अवैध रूप से चल रहे हैं, जिससे निरंतर धूल, शोर, प्रदूषण और ट्रैकों की आवाजाही से लोगों का जीवन दुबर हो गया है। इसके अलावा बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और पशुओं में सांस की समस्या, एलर्जी, आंखों में जलन, त्वचा रोग जैसी समस्या तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान लीज जून 2026 में समाप्त है, नई लीज टेंडर जारी करने से पूर्व ग्राम सभा की लिखित अनुमति अनिवार्य की जाए, बिना ग्राम सभा की सहमति से कोई नवीनीकरण न किया जाए। पिछली बार भी ग्रामीणों की सहमति नहीं ली गई थी। इस बार ऐसा ना हो, इसलिए ग्रामीण स्पष्ट आपत्ति दर्ज करवा रहे हैं। 24 घंटे ओवरलोड ट्रैकों की आवाजाही से सड़के टूट गई हैं।

## ग्रामीणों की यह है मांग

*ग्रामीणों की मांग है कि गांव उष्मापुर के आसपास सभी अवैध स्टोन क्रेशर तुरंत बंद किए जाए। बिना एनजीटी नियमों की पालन के कोई भी माइनिंग ब्लास्टिंग ने की जाए। ओवरलोड ट्रैकों की गांव में आवाजाही पर तत्काल रोक लगाई जाए। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा तुरंत एयर क्वालिटी में साउंड लेवल का निरीक्षण किया जाए। भूजल दोहन की जांच कर आरोपितों पर कार्रवाई की जाए। नई रिलीज टेंडर जारी करने से पहले ग्राम सभा की अनुमति अनिवार्य की जाए। पहाड़ और वन क्षेत्र में की गई अवैध कटाई की पूरी जांच हो। ग्रामीणों के घरों में आई दरारों का सरकारी सर्वे कर मुआवजा दिया जाए व माइनिंग क्षेत्र में 24 घंटे सीसीटीवी व ड्रोन से निगरानी की जाए सहित अनेक मांग थी।*

## सड़क हादसे में ऑटो ड्राइवर की मौत

**महेंद्रगढ़।** गांव सिगड़ी के पास रविवार की सुबह एक सड़क हादसे में ऑटो ड्राइवर की मौत हो गई। अज्ञात वाहन की टक्कर से ऑटो पलट गया, जिससे ड्राइवर को गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल पहुंचाया और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान गांव अगिहार निवासी 34 वर्षीय प्रमोद के रूप में हुई है। यह हादसा गांव सिगड़ी के पास रविवार अल सुबह हुआ। पुलिस ने मृतक के छोटे भाई नवीन के बयान पर अज्ञात वाहन ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। नवीन ने पुलिस को बताया कि प्रमोद ऑटो चलाता था और अक्सर रात में महेंद्रगढ़ से सवारियां लाता था। रविवार अल सुबह वह सवारियां लेने के लिए महेंद्रगढ़ गया था। वहां से बिना सवारी लिए वापस लौटते समय गांव सिगड़ी के पास एक अज्ञात वाहन ने उसके ऑटो को टक्कर मार दी।

## गाड़ी ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत

**महेंद्रगढ़।** जाटवास मोड़ के पास बीती शनिवार रात एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा जाटवास मोड़ के पास हुआ, जब एक तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार ने बाइक सवार दो लोगों को टक्कर मार दी। पुलिस को दी शिकायत में गांव राजावास निवासी दीपचंद ने बताया कि उनका बेटा अनिल महेंद्रगढ़ की ऑटो मार्केट में सिलाई की दुकान चलाता है। उसकी दुकान पर बिहार के मंगल पुर दक्षिणी हुसैनी जिला मुनिहारी चंपारण निवासी 37 वर्षीय प्रदीप काम करता था। शनिवार रात दोनों नांगल सिरोही में एक शादी समारोह से कन्यादान करवाकर वापस घर लौट रहे थे। रात करीब नौ बजे जब वे जाटवास मोड़ के पास पहुंचे, तो महेंद्रगढ़ की तरफ से आ रही एक स्विफ्ट डिजायर कार अचानक जाटवास मोड़ की तरफ मुड़ गई, जिससे यह टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार प्रदीप की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अनिल गंभीर रूप से घायल हो गया।

## 19 वर्षीय युवक ने लगाया फंदा

**नारनौल।** उपमंडल के गांव निवाजनगर में करीब 19 वर्षीय एक नवयुवक ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम कराया। निवाजनगर निवासी मनदीप का भाई जगराम नारनौल में काम करता है। जगराम ने रात को अपने भाई मनदीप के पास फोन कर पूछा था कि वह कितनी देर में आ रहा है। इस पर उसके मनदीप ने कहा कि थोड़ी देर में आता है। करीब आधे घंटे बाद उसका भाई घर पर पहुंचा। जब वह उसके कमरे में गया तो मनदीप फांसी पर लटका हुआ मिला। इस पर उसने तुरंत परिजनों को इसकी सूचना दी। परिजन उसको नारनौल के नागरिक अस्पताल में ले आए। जहां पर डाक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। मनदीप आईटीआई पास है तथा वह करीब तीन माह के लिए एक निजी कंपनी में भी लगा था। इसके बाद वह नौकरी छोड़कर गांव ही आ गया था तथा गांव में ही रह रहा था।



कनीना। मार्केट कमेटी के अध्यक्ष जयप्रकाश कोटिया को ज्ञापन देते व्यापार मंडल के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## व्यापारियों ने मार्केट कमेटी अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**कनीना।** नई अनाज मंडी के व्यापार मंडल के नवनियुक्त प्रधान पूर्णचंद के नेतृत्व में व्यापारियों ने ज्ञापन मार्केट कमेटी के अध्यक्ष को दिया। व्यापार मंडल के प्रधान पूर्णचंद व उप प्रधान महेंद्र सेठ ने बताया कि नई अनाज मंडी में किसानों की फसल की अत्यधिक आवक को देखते हुए दूसरा बड़ा टीनशेड लगाए जाने की आवश्यकता है, ताकि किसानों की फसल बरसात के समय में खराब न हो। अनाज मंडी में किसानों एवं मजदूरों के लिए एक अटल किसान कैंटीन की शुरूआत की जाए। किसानों व व्यापारियों के माल की सुरक्षा के लिए नई अनाज मंडी परिसर की चारदीवारी पर कांटेदार तारे लगाई जाए। मार्केट कमेटी अध्यक्ष जयप्रकाश कोटिया ने बताया कि नई अनाज मंडी के आढ़तियों के प्रधान के नेतृत्व में ज्ञापन दिया गया। व्यापारियों की इन मांगों को स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव से शीघ्र पूरा करवाया जाएगा, ताकि नई आनाज मंडी में किसानों व व्यापारियों को फसल खरीदने किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस मौके पर मार्केट कमेटी के उप प्रधान दीपक मित्तल, सुभाष यादव सचिव व्यापार मंडल, पूर्व प्रधान रविंद्र बंसल, गौरीशंकर गर्ग, मनीष यादव पूर्व पार्षद, भीमसेन गोयल, महेश कुमार, अशोक कुमार, धर्मेंद्र कुमार, महेश चौधरी उपस्थित थे।

## सरकारी विद्यालयों में गैर-शैक्षिक कार्य सौंपने पर रोक, शिक्षा विभाग ने जारी किए निर्देश

**नारनौल।** विद्यालय शिक्षा विभाग हरियाणा ने सरकारी स्कूलों में तैनात शिक्षकों को गैर-शैक्षिक कार्यों में लगाने पर रोक लगाते हुए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सहायक निदेशक (शैक्षणिक) की ओर से 26 नवम्बर को जारी आदेश में राज्य के समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों, परियोजना निदेशक, खण्ड शिक्षा अधिकारी एवम अन्य अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा गया है कि शिक्षकों की नियुक्ति केवल शिक्षण कार्य के लिए ही की गई है, इसलिए उन्हें किसी भी विभाग के कार्यालयों या गैर-शिक्षण गतिविधियों में नहीं लगाया जाएगा। उक्त पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि पिछले कई वर्षों से कुछ शिक्षक नियमित रूप से गैर-शैक्षिक कार्यों में संलग्न रहे हैं, जिससे विद्यालयी शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित हुई है। आरटीई अधिनियम 2009 के प्रावधानों के अनुसार शिक्षकों को स्कूल शिक्षा के अतिरिक्त किसी भी प्रकार के प्रशासनिक या सहायक कार्य में लगाने पर स्पष्ट प्रतिबंध है। इस आधार पर विभाग ने निर्देश दिया है कि ऐसे मामलों में तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए जाएं तथा शिक्षकों को सिर्फ उनके मूल दायित्व-शिक्षण-के लिए उपलब्ध कराया जाए। आदेश में आगे कहा गया है कि यदि किसी विशेष परिस्थिति में विद्यालय समय के दौरान बैठक आयोजित करनी पड़े, तो इसे ऑनलाइन माध्यम से संचालित किया जाए। साथ ही भविष्य में किसी भी गैर-शैक्षिक कार्य हेतु शिक्षक की नियुक्ति तभी संभव होगी।

# मारोली में आईटीबीपी के जवान का हुआ अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। आईटीबीपी जवान को संस्कार से पहले अंतिम सलामी देते जवान।

आईटीबीपी जवान अमरसिंह हृदय गति रुकने से यूपी के नोएडा में शहीद हो गया। उनका अंतिम संस्कार पैतृक गांव मारोली में किया गया। शहीद के बेटों ने उनकी चिता को मुखाग्नि दी।

गांव मारोली निवासी करीब 53 वर्षीय अमरसिंह पंजाब के अमृतसर में तैनात था। उन्होंने 1997 में आईटीबीपी जॉइन की और करीब 28 साल से आईटीबीपी में अपनी सेवाएं दे रहे थे। इसके बाद उनकी कई जगहों पर तैनाती रही। शनिवार सुबह उन्हें हार्ट अटैक आया, जिसके बाद उन्हें पहले अमृतसर के अस्पताल में भर्ती कराया गया। सुधार न होने पर उन्हें नोएडा के अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शनिवार देर शाम को शहीद हुए अमर सिंह का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव मारोली लाया गया। हालांकि, रात हो जाने के कारण उनका अंतिम संस्कार नहीं किया गया। उनका शव जब गांव में पहुंचा तो पूरे गांव के लोगों ने देशभक्ति के नारे लगाए। इसके बाद रविवार सुबह उनका अंतिम संस्कार गांव के श्मशान घाट में किया गया। अंतिम संस्कार में गांव मारोली, कारोली, कोरियावास व निजामपुर क्षेत्र के अनेक लोग शामिल हुए।

गांव के सरपंच भीमसिंह ने बताया कि शहीद अमर सिंह के माता-पिता जिंदा हैं तथा वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। शहीद के दो पुत्र हेमंत व मनीष और एक पुत्री मनेश है। तीनों शादीशुदा हैं। शहीद के पिता बुधराम ने बताया कि उनका पुत्र अमर सिंह कई सालों से आईटीबीपी में तैनात था। आईटीबीपी की टुकड़ी के साथ आए अधिकारी बलराज ने बताया कि अमर सिंह 1997 में आईटीबीपी में भर्ती हुए थे। उन्हें हार्ट अटैक आया, जिसके बाद रेफरल अस्पताल नोएडा में उन्हें लाया गया। जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वह जीडी कॉन्स्टेबल पद पर अमृतसर में तैनात थे। अंतिम शवयात्रा में आईटीबीपी के अधिकारी शामिल हुए।

**चाहे आपातकाल ऑपरेशन हो सभी स्वास्थ्य सेवाएं रहेंगी ठप**

# आठ व नौ को हड़ताल पर रहेंगे सरकारी चिकित्सक

**वर्चुअल मीटिंग के बाद हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन ने लिया राज्य स्तरीय सामूहिक निर्णय**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन की रविवार को वर्चुअल मीटिंग आयोजित की गई। इसमें हरियाणा प्रदेश कार्यकारणी पदाधिकारियों एवं सभी जिलों के जिलाध्यक्ष शामिल हुए। यह जानकारी देते हुए एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डा. विवेक शर्मा ने बताया कि जैसा कि हमने सरकार को जगाने के लिए गत 27 नवंबर को दो घंटे कलम बंद हड़ताल की थी, लेकिन सरकार डाक्टरों की मांग पर टस से मस नहीं हो रही। इसलिए रविवार हुई वर्चुअल मीटिंग में निर्णय लिया गया कि अब दो दिन का कंपलीट शटडाउन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आठ व नौ चिकित्सकों की हड़ताल रहेगी। यह हड़ताल एसएमओ की सीधी भर्ती के विरोध में की जा रही है। इसके साथ ही अन्य मांगों को पूरा करवाने का भी सरकार पर इस हड़ताल के जरिए दबाव बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दो दिवसीय हड़ताल में सभी स्वास्थ्य सेवाएं जैसे ओपीडी, एमरजेंसी, जच्चा बच्चा वार्ड, लेबर रूम, पोस्ट मार्टम, किसी भी प्रकार के चिकित्सा प्रमाण पत्र जारी करना, टीबी विभाग, केयर फैसिलिटी, सभी प्रकार के ऑपरेशन, चाहे वो आपातकाल में हो या सामान्य के, ये सभी सेवाएं ठप रहेंगी।





नारनौल। नागरिक अस्पताल। फोटो : हरिभूमि

महेंद्रगढ़ जिला अध्यक्ष चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक शर्मा ने बताया कि उस दिन सभी चिकित्सा अधिकारी सामूहिक आकस्मिक अवकाश (मास कैजुअल लिव) पर रहेंगे। उन्होंने बताया कि हड़ताल का मुख्य कारण डायरेक्ट एसएमओ की भर्ती रूकवाना व मोडिफाइड एसीपी लागू करवाना शामिल हैं, जिनको सरकार द्वारा एक साल पहले ही मान लेने के बावजूद भी अनदेखा किया जा रहा है। डॉ. शर्मा ने बताया कि चिकित्सा अधिकारी सामूहिक आकस्मिक अवकाश के दौरान अगर जनता के साथ कोई अनहोनी होती है तो उसकी जिम्मेदारी सरकार की रहेगी और अगर लंबित मांगों को पूरा नहीं किया गया तो सामूहिक आकस्मिक अवकाश नौ दिसंबर से आगे भी जारी रहेगा।

# नोताना हत्याकांड: नहीं हुई कोई गिरफ्तारी पुलिस टीम कर रही लगातार तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

■ **शुक्रवार रात्रि बच्चों की कहासुनी में हुआ था व्यक्ति का मर्डर**

नोताना हत्याकांड के आरोपित पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। पुलिस की टीम उनको पकड़ने के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। कनीना विकास खंड के गांव नोताना में बच्चों की आपसी कहासुनी इस कदर बढ़ गई थी कि गांव के सुबेसिंह की स्कॉर्पियो से टक्कर मारकर हत्या कर दी गई। इस बारे में नोताना निवासी जोगेंद्र ने सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके भतीजे हैप्पी व उसके साथी कुलदीप तथा नवीन तीनों शुक्रवार रात करीब 10 बजे नरेंद्र के घर के सामने खड़े बातें कर रहे थे। गांव के ही नीरज, अंकित, सतेंद्र व विशाल उर्फ छोटू नीरज की स्कॉर्पियो में बैठकर आए और आते ही उनके साथ लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी। जिससे वे घायल हो गए। जोगेंद्र अपने भाई सुबेसिंह के साथ मौके पर गए, तो आरोपित वहां से चले गए। जोगेंद्र व सुबेसिंह भी बच्चों को साथ लेकर अपने घर की ओर चले, तो उपरोक्त चारों युवक दोबारा से योजना बनाकर गाड़ी में सवार होकर पोता गांव की ओर से आए तथा स्कॉर्पियो गाड़ी की तेज गति से टक्कर मारी।

### रंजिशवश दिया वारदात को अंजाम

जोगेंद्र ने बताया कि हैप्पी व उसके साथियों के साथ मारपीट करने के बाद रंजिशवश आरोपितों ने हत्या जैसी वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और एंबुलेंस की मदद से उप नागरिक अस्पताल में भेजा गया। घायल युवकों को उपचार के लिए सीएचसी सेहलंग में दाखिल कराया गया। पुलिस ने उनकी एमएलआर भी कब्जे में ली।

### जल्दी गिरफ्तार होंगे हत्यारोपित

कनीना सदर थाना इंचार्ज सज्जन सिंह ने बताया कि मृतक के भाई जोगेंद्र की शिकायत पर आरोपित नीरज, अंकित, सतेंद्र व विशाल उर्फ छोटू के खिलाफ हत्या सहित बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस की टीम लगातार छापेमारी कर रही है, शीघ्र ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



# विजय-फातिमा की गुस्ताख इश्क का नहीं चला जादू...

**मुंबई।** विजय वर्मा और फातिमा सना शेख की मोहब्बत पर पानी फिरता दिख रहा है। ये बात हम इसलिए कह रहे हैं, क्योंकि फिल्म 'गुस्ताख इश्क' शनिवार को भी बॉक्स ऑफिस पर बेदम साबित हुई। फिल्म जब रिलीज हुई, तो क्रिटिक्स ने इसकी कहानी और एक्टिंग की तारीफ की। हालांकि, इसका कमाई पर कोई असर नहीं दिख रहा है। फिल्म 'गुस्ताख इश्क' ने रिलीज के पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 50 लाख रुपए कमाए थे। 'गुस्ताख इश्क' के कुल कलेक्शन की बात करें, तो इसने दो दिनों में अभी तक बॉक्स ऑफिस पर कुल 74 लाख रुपए कमाए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म का बजट 50 करोड़ रुपए बताया जा रहा है।



लाइफ Style

# कीर्ति

## एक एक्टर को महज 6 घंटे की ही मिलती है नींद

साउथ सिनेमा की सुपरस्टार एक्ट्रेस और नेशनल अवॉर्ड जीत चुकीं कीर्ति सुरेश ने अब एक्टर्स के काम के घंटों पर नई बहस छेड़ दी है। 'दसारा' और 'बेबी जॉन' की एक्ट्रेस ने दीपिका पादुकोण के 8 घंटे काम की मांग के महीनों बाद कहा है कि 8 घंटे काम करने के दौरान भी, एक एक्टर को सोने के लिए जरूरी समय नहीं मिल पाता है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हैदराबाद में अपनी अगली फिल्म 'रिवॉल्वर रीटा' के प्रमोशन के दौरान उन्होंने कहा कि कम घंटे काम करने के आइडियल सिनेरियो में भी एक एक्टर को महज 6 घंटे की ही नींद मिलती है। दिग्गज फिल्ममेकर-एक्टर जी. सुरेश कुमार की बेटी कीर्ति ने कहा, 'सुबह 9 बजे की शिफ्ट के लिए, अगर मुझे सुबह 7:30 बजे तक वहां पहुंचना है, तो मुझे सुबह 6:30 बजे घर से निकलना होगा और सुबह 5:30 बजे तक उठना होगा। शाम को लगभग 6 या 6:30 बजे पैक-अप के बाद, घर वापस जाना पड़ता है, कपड़े बदलने पड़ते हैं, एक्सरसाइज करनी पड़ती है, डिनर करना पड़ता है, और सोने के लिए जरूरी घंटे निकालने के लिए स्ट्रगल करना पड़ता है। केरल में पैदा हुईं 33 साल की कीर्ति सुरेश ने आगे कहा, 'अब, मुझे रात 11:30 बजे सोने के बाद सुबह 5:30 बजे फिर उठना पड़ता है।' कीर्ति ने बताया कि कैसे आठ घंटे की वर्क शिफ्ट, जिसे एक आइडियल सिनेरियो माना जाता है, उसमें भी सोने का समय मुश्किल से ही शामिल होता है, जबकि एक एडल्ट बॉडी के लिए आइडियल जरूरत आठ घंटे की नींद है। उन्होंने कहा, 'हम कहते हैं कि आठ घंटे की नींद अच्छी है, लेकिन हम मुश्किल से छह घंटे सो पाते हैं।

हॉलीवुड मसाला



# नाटकों ने दिलाई टॉम को पहचान

**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटेन के सबसे प्रसिद्ध स्क्रीन राइटर में से एक टॉम स्टॉपर्ड का 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके जाने से हॉलीवुड इंडस्ट्री में शोक की लहर छा गई है। साल 1937 में चेकोस्लोवाकिया में जन्में टॉम स्टॉपर्ड का बचपन मुश्किलों में गुजरा। नाजी हमले के बाद उनका परिवार सिंगापुर चला गया। उन्होंने कई नाटक ऐसे, लिखे जिसने उन्हें काफी पहचान दिलाई। टॉम स्टॉपर्ड ने अपने कॅरियर में कई शानदार नाटक लिखे थे।



# सधी हुई कहानी और परफेक्ट कॉमेडी से फिल्म बनी रोमांचक

**मुंबई।** हॉलीवुड की फिल्म हो और वो भी एनिमेटेड.. फिर तो ऐसा हो ही नहीं सकता कि आप इसे देखकर निराश हों। 'जूटोपिया 2' भी कुछ ऐसी ही फिल्म है। पहले सीन से लेकर आखिरी सीन तक कहानी आपको बांधे रखती है और इसके वन लाइनर्स हंसा-हंसाकर आपका पेट दर्द कर देते हैं। वहीं मेकर्स ने लीड किरदार में श्रद्धा कपूर की आवाज जोड़कर इसमें चार चांद लगा दिए। फिल्म की कहानी पहले पार्ट से आगे बढ़ती है। जूडी हॉप्स और निक वाइल्ड जूटोपिया पुलिस डिपार्टमेंट में पार्टनर हैं पर दोनों के बीच बॉन्डिंग अच्छी नहीं है। एक केस में दोनों से गलती होने के बाद चीफ बोगो उन्हें अलग हो जाने या फिर थैरेपी सेशन अटैंड करने की सलाह देते हैं। जूडी को लगता है कि जूटोपिया में कोई सांप घुस आया है पर उसकी बात पर कोई यकीन नहीं करता। वो निक को मनाकर तहकीकात में लग जाती है।



# पैपराजी से कोई नाता नहीं: जया बच्चन

**मुंबई।** वेटरेन एक्ट्रेस जया बच्चन अक्सर पैपराजी पर भड़कती रहती हैं। अब एक बार फिर अभिनेत्री ने पैपराजी की भूमिका और पेशेवर रवैये पर शंकाएं जताई हैं। हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने प्रशिक्षित पत्रकारों के प्रति अपने सम्मान और मशहूर हस्तियों के समारोहों में पैपराजी को लेकर खुद के असहज होने के बारे में भी बात की। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल है। वायरल वीडियो में एक इवेंट के दौरान जया बच्चन ने पैपराजी को लेकर बात की। इवेंट के दौरान जया बच्चन ने कहा कि मैं मीडिया की उपज हूं, लेकिन पैपराजी से मेरा कोई नाता नहीं है। ये लोग कौन हैं? क्या इन्हें इस देश के लोगों का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है? आप इन्हें मीडिया कहते हैं? मैं मीडिया से आती हूं। मेरे पिता एक पत्रकार थे।



# 'कांतारा' में दिखाई गई देवी को कहा भूत

**मुंबई।** 'धुरंधर' एक्टर रणवीर सिंह बड़ी मुश्किल में फंस गए हैं। उन पर धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगा है और यूजर्स भी भड़के हुए हैं। दरअसल, रणवीर ने ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांताराः चैप्टर वन' का मजाक उड़ाया। साथ ही फिल्म में दिखाई गई देवी को भूत कह दिया। इससे लोग बुरी तरह भड़क गए हैं और उनका कहना है कि अब तो 'धुरंधर' बिल्कुल फ्लॉप समझो। मामला हाल ही गोवा में हुए इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया का है, जिसमें रणवीर सिंह शामिल हुए थे। ऋषभ शेट्टी भी इस फेस्टिवल का हिस्सा थे। इसका एक वीडियो भी आया है, जिसमें रणवीर सिंह स्टेज पर हैं, और सामने बैठे ऋषभ शेट्टी से कह रहे हैं, 'मैंने थिएटर में 'कांताराः चैप्टर वन' देखी, और ऋषभ यह एक बेहतरीन परफॉर्मेंस थी।

टीवी मसाला



# वीकएंड का वार में धर्मेंद्र को याद कर भावुक हुए सलमान

**नई दिल्ली।** दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का बीते दिनों निधन हो गया था। इस खबर ने सभी को झकझोर कर रख दिया था। बिग बॉस 19 के हालिया वीकएंड का वार एपिसोड में सलमान खान ने दिवंगत अभिनेता को याद किया और वो भावुक हो गए। इसके साथ ही उन्होंने इस घटना को देश के लिए सबसे बड़ा नुकसान बताया। बिग बॉस 19 शो के होस्ट सलमान खान ने धर्मेंद्र को याद किया। उन्होंने कहा- 'देश और उनके सभी प्रशंसकों को बहुत ही बड़ा झटका लगा है। इस घटना से इंडस्ट्री को बड़ा सदमा पहुंचा है। मुझे लगता है कि आप लोग समझ रहे हैं कि मैं किनकी बात कर रहा हूं। अभिनेता ने आगे कहा, ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे। काश इस हफ्ते वीकएंड का वार मैं नहीं कर रहा होता, लेकिन जिंदगी हमेशा चलती रहती है।' शनिवार को प्रसारित हुए बिग बॉस 19 के वीकएंड का वार में कंटेस्टेंट अशनूर कौर को शो से बाहर का रास्ता दिखाया गया। उन्हें सलमान खान ने तान्या मित्तल पर वार करने के लिए खूब डांट लगाई। अशनूर के एविक्शन पर कुछ नेटिजंस इसे गलत फैसला बता रहे हैं, तो कुछ इसे सही कह रहे हैं। बिग बॉस 19 से अशनूर कौर बेघर हो चुकी हैं। इसके अलावा रिपोर्ट्स के अनुसार शहबाज बदेशा का भी एविक्शन हो चुका है। इस हिसाब से शो में अब छह प्रतियोगी बचे हैं, जिसमें गौरव खन्ना फाइनल में पहुंच चुके हैं, क्योंकि उन्होंने टिकट टू फिनाले टास्क जीतकर खिताब के लिए अपनी दावेदारी पेश कर दी है। अब फरहाना भट्ट, अमाल मलिक, तान्या मित्तल, प्रणीत मोरे और मालती चाहर के बीच फिनाले में पहुंचने की टक्कर है।

## जन्नत के पीछे पड़े अभिषेक और समर्थ

**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट सीजन 3' में इस हफ्ते अराजकता चरम पर पहुंच गई जब किचन में अभिषेक कुमार, समर्थ जुरेल और जन्नत जुबैर के साथ एक बिल्कुल नया ट्राइएंगल बनने लगा।



अपनी चंचल नोक-झोंक और लगातार एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में लगे अभिषेक और समर्थ नए मिशन पर पहुंच गए- जन्नत का ध्यान अट्रैक्ट करना। मजेदार चुटकुले सुनाने से लेकर उन्हें इम्प्रेस करने के लिए छोटे-छोटे प्यारे स्टंट करने तक, दोनों लड़के एक-दूसरे से आगे निकलने के लिए बेताब दिख रहे थे। आग में घी डालने का काम अली गोनी ने किया, जिन्होंने इस जोड़ी को खूब छेड़ा। उन्होंने उन्हें छोटू कहकर मशहूर कर दिया और उन्हें किचन में अपने साइडकिक्स भी कहा। उनके इस कमेंट ने न सिर्फ स्टूडियो को हंसा-हंसा कर लोटपोट कर दिया।

# प्रियंका ने निक-मालती और परिवार संग मनाया थैंक्सगिविंग डे

**मुंबई।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा अक्सर सोशल मीडिया हैंडल पर अपने पति, बेटी और परिवार के साथ तस्वीरें साझा करती हैं। एक्ट्रेस ने वीकएंड पर परिवार संग बिताए कुछ खुशनुमा पलों को शेयर किया है। इन तस्वीरों को अभिनेत्री ने कैलिफोर्निया से साझा करते हुए नोट भी लिखा है। प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की, जिनमें वो कैलिफोर्निया के किसी पार्क में गुनगुनी धूप में पति निक जोनस और बेटी मालती संग एंजाय कर रही हैं। एक तस्वीर में तीनों पार्क में लेटे हुए प्यारा पोज दे रहे हैं। वहीं, कुछ तस्वीरों में निक और प्रियंका बेटी संग खेलते नजर आ रहे हैं। इसके अलावा अन्य तस्वीरों में अभिनेत्री अपनी मां मधु चोपड़ा और परिवार के अन्य सदस्यों और दोस्तों संग भी नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने परिवार के साथ डिनकर करते हुए भी एक तस्वीर साझा की है। अभिनेत्री ने परिवार के साथ थैंक्सगिविंग डे मनाया।



इस पोस्ट को साझा करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, 'थोड़े समय के लिए घर वापस आ गई हूं। कभी-कभी मैं खुद को अपने तरफ से प्रेम पाकर धन्यवाद महसूस करती हूं। इस थैंक्स गिविंग डे पर मैं स्वास्थ्य, आनंद, एकजुटता और जीवन के उन साधारण सुखों के लिए बहुत आभारी हूं, जिन्हें हम कभी-कभी हल्के में ले लेते हैं। मैं अपने परिवार, दोस्तों, टीम और उन सभी लोगों की बहुत आभारी हूं, जिन्होंने इस रोमांचक सफर को आसान बना दिया है।' आगे उन्होंने कहा, 'इतना लंबा समय घर से दूर बिताने के बाद, मैं बस खुद को याद दिला रही हूं कि जिंदगी की सबसे अच्छी चीजों में से एक है अपने प्रियजनों के बीच रहना। थैंक्सगिविंग मनाने वाले सभी लोगों को शुभकामनाएं।'

# रेड लाइट एरिया में जन्मी इस एक्ट्रेस पर बनी भारत की सबसे महंगी सीरीज...

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में पाकिस्तान की कई अदाकाराओं ने काम किया है और यह सिलसिला आज भी जारी है। पाक सिनेमा की कई कहानियां भी हिंदी सिनेमा में देखने को मिली हैं। बात करेंगे उस पाक अभिनेत्री की, जिस पर बॉलीवुड के दिग्गज डायरेक्टर संजय लीला भंसाली की पहले सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार बेस्ड बताई जाती है। इस पाक हसीना ने तकरीबन 100 फिल्मों में काम किया। यह एक्ट्रेस असल में एक तवायफ थी और लाहौर के रेड लाइट एरिया पर काम करती थी। इसी की कहानी को देश की सबसे महंगी सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार में दिखाया गया था।

***कौन थी ये पाक हसीना?*** : बात हो रही है नरगिस बेगम उर्फ निग्गो की, जो अपनी मां के नक्शेकदम पर चल एक तवायफ बनी थीं। वह हीरामंडी में सजने वाली महफिल में मुजरा किया करती थीं। उन्हें देखने के लिए पैसों वालों की भीड़ लगती थी। वहीं, 40 के दशक में राजशाही खत्म होने के दौर पर थी और इस वक्त सिनेमा की अच्छी शुरुआत हो रही थी। यह वो दौर था जब महिलाएं सिनेमा में काम करने से कतराती थीं। जब फिल्ममेकर को फिल्म के लिए हीरोइन की जरूरत होती थी, तो वह कोठे का रुख किया करते थे। वहीं, हीरामंडी में महफिल सजाए बैठीं निग्गों पर एक प्रोड्यूसर की नजर पड़ी। निग्गो एक क्लासिकल डांसर भी थी। ऐसे में प्रोड्यूसर निग्गो से इंप्रेस हुआ और कुछ ही समय बाद उन्हें फिल्म का ऑफर दे दिया।



***प्रोड्यूसर से रचाई शादी*** : निग्गो भी इस हीरामंडी के जंजाल से निकलना चाहती थीं और उन्होंने इस ऑफर को स्वीकार कर लिया। फिर साल 1964 में नरगिस ने पाकिस्तानी फिल्म इशरत से एक्टिंग डेब्यू किया। इसके बाद उन्होंने शहंशाह-ए-जहांगीर (1968), नई लैला नया मजनू (1969), अंदालिब (1969), लव इन जंगल (1970), अफसाना (1970), मोहब्बत (1972) समेत 100 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। इस दौरान उन्हें प्रोड्यूसर ख्वाजा महजर की फिल्म कासू में देखा गया, जहां दोनों में प्यार हो गया। ख्वाजा और नरगिस ने निकाह कर लिया।

***पति ने ही कर दिया मर्डर*** : बात काफी आगे बढ़ गई और तवायफों से शादी के नए नियम बन गए। वहीं, कोठे बंद होने की कगार पर थे निग्गों अपनी मां का ख्याल रखने उनके पास चली गईं। जब वह बार-बार पति के बुलाने पर भी नहीं लौटी तो 5 जनवरी 1972 को हीरामंडी जाकर ख्वाजा ने एक बार फिर निग्गो से घर चलने की विनती की, लेकिन वह नहीं मानी। इसके बाद ख्वाजा ने जेब से बंदूक निकाली और निग्गों को छलनी कर दिया।

## पुरुषवादी सिनेमा के दौर में महिलाओं के नजरिए से बनी थी फिल्म

# अर्थ ने दिखाया था समाज को आईना, 43 साल बाद भी बनी हुई है मस्ट वॉच

***मुंबई।** शबाना आजमी, स्मिता पाटिल, और कुलभूषण खरबंदा अभिनीत 'अर्थ'फिल्ममेकर महेश भट्ट की सेमी-आटोबायोग्राफिकल फिल्म थी। यह अभिनेत्री परवीन बाबी के साथ उनके विवाहेतर संबंधों पर आधारित थी। पुरुषवादी सिनेमा के दौर में महिलाओं के नजरिए से बनी थी 'अर्थ'। 43 साल पहले तीन दिसंबर, 1982 को प्रदर्शित हुई फिल्म 'अर्थ' में एक दृश्य है जब फिल्म स्टार कविता (स्मिता पाटिल), पूजा (शबाना आजमी) से कहती है कि मैं इंदर (कुलभूषण खरबंदा) को चाहती थी तुम्हारे पति को नहीं। मैं अपना घर बसाना चाहती थी, तुम्हारा घर उजाड़ना नहीं चाहती थी। जिस पर पूजा जवाब देती है कि मेरा घर था ही नहीं इसलिए तुमने कुछ नहीं उजाड़ा।*

### अर्थ की कहानी

फिल्म ने उस कड़वी सच्चाई को दिखाया था कि विवाहेतर संबंध शुरुआत में लुभावने लग सकते हैं, लेकिन जैसे-जैसे यह रिश्ता आगे बढ़ता है, असुरक्षा की भावना, सामाजिक मान्यता पाने की चाहत, बिगड़ती मानसिक हालत कहीं न कहीं तनाव बढ़ाते हैं। फिर यह रिश्ता सिर्फ दर्द ही देता है। वास्तव में यह फिल्म पूजा की अपनी पहचान तलाशने की यात्रा पर है, जब उसका पति उसे दूसरी महिला के लिए छोड़ देता है। यह फिल्म उस वक्त आई थी, जब डिस्को डांसर और मर्द जैसी फिल्मों की कहानी पुरुषों के नजरिए से दिखाई जा रही थी, लेकिन अर्थ की कहानी महिलाओं के नजरिए से कही गई थी। यह भले ही मार्केट के ढांचे में फिट न बैठती हो, लेकिन दर्शकों को पसंद आई थी। यह कोई राज नहीं है कि लेखक-निर्देशक महेश भट्ट ने अपनी जिंदगी की कुछ वास्तविकताओं को काल्पनिकता के साथ जोड़कर अर्थ बनाई थी। इसमें त्यागी गई पत्नी पूजा, मनचाही औरत कविता और टूटे हुए आदमी इंदर जैसे पात्रों के जरिए इंसानों की कमियों, पुरुषों के दोहरे मापदंड और रिश्तों की अस्थिरता की पड़ताल बारीकी से की गई थी। यह फिल्म महेश और उस समय शीर्ष पर रहीं अभिनेत्री परवीन बाबी के साथ उनके विवाहेतर संबंधों पर आधारित आत्मकथात्मक फिल्म थी। इन संबंधों के चलते महेश द्वारा पहली पत्नी किरण भट्ट उर्फ लोरेन ब्राइट को छोड़ने की आत्मग्लानि इस कहानी का आधार थी।

### महेश भट्ट की क्रांतिकारी फिल्म

हिंदी फिल्मों में महिलाओं के चित्रण के संदर्भ में इसे क्रांतिकारी फिल्म माना जाता है। अर्थ को बनाने के पीछे की कहानी दिलचस्प है। अर्थ से पहले महेश भट्ट ने चार फिल्में मंजिलें और भी हैं(1974), विश्वासघात (1977), नया दौर (1978) और लहू के दो रंग (1979) बनाईं, लेकिन वह बाक्स आफिस पर अपना प्रभाव छोड़ पाने में नाकाम रहीं। तब उन्हें अपनी उथल-पुथल भरी निजी जिंदगी को परदे पर उतारने का विचार आया। यहीं से अर्थ को बनाने की शुरुआत हुई। फिल्म में कई दृश्य महेश की जिंदगी से जुड़े भी रहे। उदाहरण के तौर पर जब पूजा को पता चलता है कि इंदर उसे कविता के लिए छोड़ना चाहता है, तो वह उससे आग्रह करती है कि वह उसे न छोड़े। साथ ही, वह सीन जब सोए हुए इंदर को कविता जगाने की कोशिश करती है तो वह पूजा का नाम लेता है। किस्सा यह भी है कि जब यह फिल्म बन रही थी तब स्मिता पाटिल और राज बब्बर असल जिंदगी में रिश्ते में थे। राज बब्बर शादीशुदा थे।



### मैसेज देती है अर्थ

फिल्म के अंत में कविता की असुरक्षा और मानसिक रूप से अस्थिर प्रकृति अंततः इंदर को उससे दूर कर देती है। इंदर पश्चाताप के साथ पूजा के पास वापस आता है, लेकिन पूजा उसे अस्वीकार कर देती है, क्योंकि तब तक वह मजबूत और आत्मनिर्भर बन चुकी होती है और उसे एहसास होता है कि अपनी खुशी के लिए उसे किसी पुरुष की जरूरत नहीं है। रिश्तों के जटिल पहलुओं को गहराई से छूने वाली इस फिल्म में परत दर परत महिलाओं के जज्बातों को बहुत बारीकी से दर्शाया गया। रिश्तों के भंवर में जिंदगी का अर्थ खोजती यह फिल्म आज भी उतनी ही प्रासंगिक है, जितनी उस वक्त थी!

## खबर संक्षेप



### विकास नगर में 121 मरीजों की हुई स्वास्थ्य जांच

भिवानी। गीता जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में जीओ गीता चिकित्सा सेवा प्रकल्प समिति द्वारा जनसेवा के कार्यों की श्रृंखला निरंतर जारी है। इसी कड़ी में रविवार को विकास नगर में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर के दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने कुल 121 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। वरिष्ठ चिकित्सक विनोद अंचल ने मरीजों को जीओ गीता के उद्देश्यों और कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने मरीजों को पवित्र श्रीमद्भगवद्गीता भेंट करते हुए कहा कि गीता केवल एक धर्मग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है, सकारात्मक सोच रखने से गीता इलाज में भी काफी सहायक सिद्ध होती है। उन्होंने बताया कि 1 दिसंबर को ही सुबह 11 बजे स्वामी ज्ञानानंद के आह्वान पर विशेष कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें एक मिनट का सामूहिक गीता पाठ किया जाएगा। शिविर के सफल संचालन में डॉ.. आरबी गोयल, डॉ. राजेश शर्मा, डॉ. महेंद्र जायसवाल आदि ने भूमिका निभाई और अपनी सेवाएं दीं।




### शिविर में 55 मरीजों का जांचा स्वास्थ्य

भिवानी। स्वास्थ्य सेवाओं को आम जनमानस और ग्रामीण अंचल तक पहुंचाने के उद्देश्य से रविवार को गांव बौंद में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर सनफ्लैग मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में गीत अर्जुन फाउंडेशन ने लगाया। कुल 55 मरीजों ने अपना स्वास्थ्य चेकअप करवाया। अस्पताल के प्रशासक डॉ. राजकुमार तंवर ने कहा कि स्वस्थ समाज ही उन्नति की ओर अग्रसर हो सकता है। शिविर के आयोजन डॉ. साक्षी मल्होत्रा, डॉ. गौरव शर्मा, डॉ. राजकुमार तंवर, डॉ. राखी शर्मा, नर्सिंग स्टाफ से अरविंद, पूनम, कृष्ण, फाउंडेशन के सदस्य कोमल, अमित, रिंकू, दीपक, मनदीप व यशिका का सराहनीय योगदान रहा।

### शिविर में 105 मरीजों की जांच की

भिवानी। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की रामबास



पाठशाला में ब्रह्माकुमारीज संस्थान के उत्तरी क्षेत्र (पंजाब जोन) के निदेशक रहे राजयोगी ब्रह्माकुमार अमीरचंद भ्राता जी के पांचवें पुण्य स्मृति दिवस पर ब्रह्माकुमारीज व ग्राम पंचायत रामबास के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन धीर आंखों का अस्पताल भिवानी व के सहयोग किया। इसमें 105 लोगों की आंखों की जांच कर निःशुल्क दवाइयां भी दी, जिसका शुभारंभ सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन व सरपंच प्रतिनिधि अशोक शर्मा के साथ, डॉक्टर्स टीम ने भ्राता अमीरचंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर डॉ. आरुषि डॉ. हरपाल, डॉ. पवन, राजकुमार, पूजा, तन्नू आदि टीम ने अपनी सेवाएं दी। ब्रह्माकुमारी नीलम, रितु, अनुज व धर्मवीर, चंद्रभान मनोज रोमन आदि ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### राष्ट्रीय जंबूरी में दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

बाढ़ड़ा। भारत स्काउट एंड गाइड द्वारा आयोजित १९वीं राष्ट्रीय जंबूरी में बाढ़ड़ा खंड से गए स्काउट्स ने अपने सब शिविर और आसपास के राज्यों



के सब शिविरों में जाकर सिंगल यूज प्लास्टिक और कचरा एकत्रित किया। छात्र यश ने बताया कि मेरे साथ आए दीपक, सचिन व दिनेश हमने विचार किया कि भारत स्काउट और उत्तर प्रदेश प्रशासन के अच्छे इंतजामों के पश्चात भी कचरा बढ़ता जा रहा है और इस कचरे को फैलाने के लिए हम सब जिम्मेदार हैं, इसलिए हमने फैसला किया कि हम चारों स्काउट्स कचरे को एकत्रित करेंगे। स्काउट्स के साथ गये जिला चरखी दादरी के डीओसी रविंद्र कुमार व डीटीसी बृजमोहन कौशिक ने इनकी प्रशंसा की।

### राष्ट्रीय जंबूरी में जीते 20 अवॉर्ड

भिवानी। उत्तर प्रदेश के लखनऊ में 23 नवम्बर से 29 नवम्बर तक 19वीं राष्ट्रीय डायमंड जुबली जम्बूरी में हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स जिला भिवानी की टीम ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय जम्बूरी में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्काउट एण्ड गाइड दल नें जम्बूरी की साहसिक गतिविधियों में जम्बूरी पदक प्राप्त करके अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) पवन कुमार शास्त्री ने बताया कि हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स ने जम्बूरी गतिविधियों के 20 जम्बूरी अवार्ड प्राप्त किए। जिला संगठन आयुक्त (गाइड) रितु परमार ने बताया कि अन्तरराष्ट्रीय जम्बूरी में देश के विभिन्न राज्यों के साथ साथ कई विदेशी स्काउट्स एण्ड गाइड्स ने भी प्रतिभागिता की। वरिष्ठ स्काउट मास्टर हरीश शर्मा, संदीप शर्मा खण्ड समन्वयक बवानीखेड़ा ,स्काउट मास्टर जोगिंदर सिंह, गाइड कैप्टन रसना सहरावत, गाइड कैप्टन लक्ष्मी के मार्ग दर्शन में प्रतिभागियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करके हरियाणा राज्य के साथ साथ भिवानी जिले का नाम रोशन किया। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ निर्मल दहिया,उप जिला शिक्षा अधिकारी शिव कुमार ने स्काउट्स एण्ड गाइड्स की उपलब्धियों पर बधाई दी व स्काउट दल को सम्मानित किया।




### महिला कॉलेज में हुई पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

चरखी दादरी। महिला महाविद्यालय झोझू कलां में कम्प्यूटर साइंस विभाग द्वारा साइबर सुरक्षा दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें एकता ने प्रथम स्थान, सानिया ने द्वितीय व तमन्ना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ मन्जीत कुमारी, डॉ. तमन्ना व श्रीमती पूजा ने निभाई। मंच संचालन डॉ. पूनम सांगवान ने किया। प्राचार्या डॉ. मंजू सांगवान ने विजेता छात्राओं को बधाई दी व उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### जजपा की रैली को जनसंपर्क अभियान चलाया

बाढड़ा। जननायक जनता पार्टी के जिला प्रभारी ऋषिपाल उमरवास व हल्का अध्यक्ष विजय श्योराण काकड़ौली ने स्थापना दिवस रैली के लिए हलके के गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने आज कादमा और धनासरी में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि ७ दिसंबर की स्थापना रैली के लिए २० दिसंबर को जजपा के संस्थापक डॉक्टर अजय सिंह चौटाला कादमा और धनासरी गांवों का दौरा करेंगे और रैली के लिए लोगों को जागरूक करेंगें। जजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र हूई ने बताया कि जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला कल २ दिसंबर सुबह से बाढडा हल्के के गांव काकडौली हट्टी, गोपी, धनासरी, कादमा, माईं कलां और बालरोङ गांव का दौरा करेंगें और २ दिसंबर को सांय हल्का दादरी के गांव समसपुर, मोरवाला, इमलोटा और बिगोवा का दौरा करेंगे। ग्रामीण दौरों में उनके साथ जिला अध्यक्ष रविन्द्र सांगवान, जिला प्रभारी ऋषिपाल उमरवास, हल्का अध्यक्ष विजय श्योराण काकडोली, हल्का अध्यक्ष राकेश कलकल व जजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

## गीता जयंती महोत्सव : सहारा चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से लगाया रक्तदान शिविर

# गीता जयंती महोत्सव में कैंसर पीड़ितों के लिए 71 युवाओं ने किया रक्तदान

शिक्षा बोर्ड के कर्मचारियों व महाराजा नीमपाल महाविद्यालय का रहा सहयोग




भिवानी। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में सेक्टर 13 मोड़ पर सहारा चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से कैंसर पीड़ितों की सहायता के उद्देश्य से हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड कर्मचारियों व महाराजा नीमपाल राजकीय महाविद्यालय के सहयोग से पांचवें रक्तदान शिविर का आयोजन किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीश मिताथल ने बताया कि शिविर शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा की अगुवाई में किया। शिविर में रक्त एकत्रित करने एम्स बाढ़सा (झज्जर)की टीम पहुंची। रक्तदान शिविर में 71 यूनिट रक्तदान किया।

ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीश ने कहा कि युवाओं में सेवा भाव की भावना से ही समाज और राष्ट्र का भला हो सकता है। युवाओं को स्वयं रक्तदान के लिए जागरूक होने के साथ साथ समाज को भी जागरूक करने के लिए आगे आना होगा।

रक्तवीर राजेश डुडेजा ने गीता के सर्वकालिक और सार्वभौमिक संदेश पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की दिशा, कर्मयोग, ज्ञानयोग और भक्तियोग के माध्यम से आत्मसाक्षात्कार का मार्गदर्शन करती है। वहीं रक्तवीर मनीष वर्मा ने कहा कि उनकी टीम रक्त की हर जरूरत पूरी करने को तत्पर रहती है। इस अवसर पर डॉ. रवि, डॉ. सतीश कुमार, प्रवेश शर्मा, सुन्दर सिंह, राकेश वर्मा, दिग्विजय सिंह, पंकज वर्मा, अश्विनी, हेमंत कौशिक, रोहित भट्टी आदि ने रक्तदान किया।

### विधायक ने किया आध्यात्मिक प्रदर्शनी का अवलोकन



भिवानी। हमें अपने जीवन में आध्यात्म को अपनाना बहुत जरूरी है, क्योंकि आध्यात्म ही ऐसा रास्ता है जो आत्मा को परमपिता परमात्मा से मिलाता है तथा हर घड़ी में जीवन जीने की कला सिखाता है, ये बात हल्का बवानीखेड़ा से विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने सेठ किरोड़ीमल पार्क में गीता जयंती महोत्सव के दौरान प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज की शाखा सिद्धि धाम द्वारा लगाई आध्यात्मिक प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हमें अपने बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ आध्यात्म व गीता ज्ञान से जरूर अवगत कराना चाहिए जिससे की उनके अंदर अच्छे संस्कार पैदा हों। गीता ही एक ऐसा ग्रंथ है जो आध्यात्म के साथ-साथ वैज्ञानिक और पौराणिक ज्ञान भी देता है। राजयोगिनी बीके चेतना बहन महम, राजयोगिनी बीके सुमन बहन महम, शाखा प्रबंधक राजयोगिनी बीके सुमित्रा बहन व राजयोगिनी बीके कीर्ति बहन ने विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि का स्वागत किया तथा बीके आरती ने गीता ज्ञान सार समझाया। इस अवसर पर बीके श्वेता, बीके आशा, बीके पूनम, बीके मीनाक्षी, बीके नीलम, बीके कल्पना, बीके करूणा, बीके शारदा, बीके कविता, बीके संतोष, बीके सुशील, बीके सुषमा, बीके सुदेश, बीके मंजू, बीके राजेश, बीके भीम सिंह चौहान, बीके महेश व मीडिया कॉर्डिनेटर बीके धर्मवीर आदि उपस्थित रहे।

### शिक्षा विभाग के स्टॉल पर उमड़ी भीड़

चरखी दादरी। मॉडल संस्कृति स्कूल में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 के जिला स्तरीय कार्यक्रम के दूसरे दिन शिक्षा विभाग द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी स्टॉल पर विशेष रौनक देखने को मिली। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर मुख्य अतिथि जिला उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल, एसडीएम योगेश सैनी, डीपीआरओ संदीप हुड्डा सहित विभिन्न विभागों के अन्य अधिकारीगणों ने शिक्षा विभाग की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। शिक्षा विभाग के स्टॉल पर पहुंचने पर स्टाफ द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर अध्यापिका सुदेश ने उपस्थित अधिकारियों को 'प्रेजेंस ऑफ माइंड' गेम एक्टिविटी में भाग दिलवाया। खेल के दौरान उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल और एसडीएम योगेश सैनी ने बड़े उत्साह के साथ हिस्सा लेते हुए अपने बचपन की यादें ताजा कीं। गतिविधि के अंत में सर्वाधिक वस्तुएँ चुनकर उपायुक्त डॉ. नागपाल विजेता रहे, जिस पर उपस्थित प्रतिभागियों ने तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया। तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियाँ लगाई गई हैं, जिनमें शिक्षा विभाग की प्रदर्शनी विशेष रूप से दर्शकों का ध्यान आकर्षित कर रही है। जिला शिक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र चौधरी के नेतृत्व में लगाए गए इस स्टॉल पर रविवार को छोटे बच्चों, अभिभावकों और युवाओं की भारी भीड़ उमड़ी। प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा तैयार की गई गतिविधियाँ, मॉडल, क्रिएटिव वर्क और शैक्षिक सामग्री ने दर्शकों का ध्यान खींचा। स्टॉल पर बने भगवान श्रीकृष्ण सेल्फी पॉइंट पर आने वाले लोग उत्साहपूर्वक सेल्फी लेते दिखाई दिए, जिसने प्रदर्शनी में आकर्षण का एक नया केंद्र बनाया। स्टॉल संचालन में इंचार्ज संदीप कुमार एफएलएन कोऑर्डिनेटर व हरपाल आर्य, पूनम, मंजू, तरुण कुमार, मोनिका, सुषमा, रिम्पी आदि स्टाफ सदस्य पूरी तत्परता के साथ उपस्थित रहे और आगंतुकों को विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रमों के बारे में मार्गदर्शन दिया।

### गो हत्या के खिलाफ गीता जयंती में गरजे स्वामी दिनेशानंद



बाढड़ा। श्रीसंकट मोचिनी देवी काकड़ौली के महामंडलेश्वर स्वामी दिनेशानंद जी महाराज ने कहा कि कहा कि आज युवा पीढ़ी को संस्कारयुक्त ज्ञान रूपी शिक्षा नहीं मिल रही है, जिससे प्रतिकूल परिणाम सामने आ रहे हैं। हमें गीता जयंती पर पूरे राष्ट्रभर में गोहत्या पर रोक लगाने का संकल्प लेना का प्रण लेना चाहिए, ये बात उन्होंने कुरुक्षेत्र गीता जयंती कार्यक्रम में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कही। स्वामी दिनेशानंद ने कहा कि गीता समाधान है, जिस प्रकार गणित में चाहे कितने जटिल प्रश्न हो यदि हमें उनका फार्मूला याद है तो प्रश्न जल्द ही चुटकियों में हल हो जाएगा। उन्होंने यही बात जीवन की जटिल पहेली प्रश्न पर भी लागू होती है, हमें जीवन जीने की कला, युक्ति का पता लग जाए तो वास्तव में जीवन मधुर हो जाएगा।

## स्टीम फेस्ट में वैज्ञानिक मॉडल किए पेश

■ बीके वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भव्य आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बवानीखेड़ा



बवानीखेड़ा। आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

बवानी खेड़ा के बीके वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्टीम-फेस्ट का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बवानी खेड़ा से बीईओ आनंद शर्मा ने शिरकत की। प्रबंधन समिति के सदस्य सुरेश जांगड़ा, सचिव योगेश शर्मा, उपाध्यक्ष जोगेंद्र जांगड़ा एवं प्राचार्य पंकज कुमार मिश्रा के द्वारा मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत सत्कार किया गया। इस अवसर पर विद्यालय द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी, कला प्रदर्शनी, अटल टिंकरिंग प्रदर्शनी तथा गणित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने आकर्षक मॉडलों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। छात्र मोहित ने लाइव आर्ट के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य विजय जांगड़ा, उनकी धर्मपत्नी सुशील जांगड़ा, पूनम मिश्रा, वरिष्ठ विभाग संचालक योगेंद्र सिंह, कनिष्ठ विभाग संचालिका मंजू मलिक, मनीष शंकर, मीनू वालिया, सोनू, अमित कुमार, कृष्ण कुमार, दिव्या, राहुल सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### माकपा ने एसआईआर प्रक्रिया का किया विरोध

भिवानी। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की भिवानी जिला कमेटी की ओर से जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि देशभर में जिस तरह से वोटर लिस्ट का स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन किया जा रहा है, जिसका हमारी पार्टी कड़ा विरोध करती है। जो काम एक सामान्य, पारदर्शी और लोगों के लिए अच्छा होना चाहिए था, वह एक अस्त-व्यस्त, मनमानी प्रक्रिया बन गई है,जिससे वोटर लिस्ट की सत्यता और उन लोगों की सुरक्षा को खतरा है जिन्हें यह काम करने के लिए मजबूर किया गया है। उन्होंने कहा कि यह पूरा काम बहुत जल्दबाजी में और खराब योजना के साथ किया जा रहा है। बूथ लेवल ऑफिसर्स को घर-घर जाकर सत्यापन पूरा करने के लिए नामुमकिन समय-सीमा दी गई हैं।

### पीटीएम में विद्यार्थियों की प्रगति पर विस्तृत चर्चा



चरखी दादरी। बीआर शिक्षण संस्थान बिरही कलां में अभिभावक व शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य यूनिट टेस्ट–3 के परिणामों की घोषणा करना और विद्यार्थियों की पढ़ाई, व्यवहार, अध्ययन में आने वाली चुनौतियों तथा समय के सदुपयोग पर विस्तृत चर्चा करना रहा। बैठक के दौरान अभिभावकों ने शिक्षकों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर अपने बच्चों की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही विद्यार्थियों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए घर व विद्यालय दोनों स्तरों पर किए जाने वाले प्रयासों पर विचार विमर्श हुआ। कार्यक्रम के समन्वयक सुजीत वशिष्ठ ने कहा कि अभिभावकों की सहभागिता बच्चों की शिक्षा यात्रा में सबसे महत्वपूर्ण है। प्राइमरी विभाग की हेड अंजू अरोड़ा ने कहा कि यूनिट टेस्ट–3 के परिणाम बच्चों की मेहनत को दिखाते हैं, लेकिन सुधार की संभावनाएं हमेशा रहती हैं। उन्होंने अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे बच्चों को नियमित अध्ययन, उचित दिनचर्या और सकारात्मक वातावरण प्रदान करें।

प्रतिभा खोज

### बाबा परमहंस मंदिर में हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता



बवानीखेड़ा। बवानी खेड़ा हलके के गांव मंढ़ाणा स्थित बाबा परमहंस मंदिर में प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अनेक विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि के रूप में विधायक कपूर वाल्मीकि के छोटे भाई राकेश वाल्मीकि ने पहुंचकर बच्चों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में राकेश वाल्मीकि ने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए बताया कि विद्यार्थियों का समय समय पर ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए जिससे उनके अंदर छिपी हुई प्रतिभाएं निकलकर बाहर आती हैं।

### किशनपुरा विद्यालय में सैन समाज ने सीढ़ियों का निर्माण शुरू करवाया



बाढ़ड़ा। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डुडीवाला किशनपुरा में जीना, सीढ़ियों के निर्माण की नींव सैन समाज द्वारा रखी गई। गांव के सरकारी स्कूल की सभी कमरों का निर्माण सभी ग्रामवासियों ने मिलकर किया है, जिससे पहले इसमें १७ कमरों व एक कमरा हॉल व पानी की टंकी का निर्माण ग्रामवासियों ने किया है। सैन समाज से जगदीश सैन, बीरसिंह, मदनलाल, राजेश, संतलाल, रतिराम, सीताराम ने मिलकर नींव पूजन किया। मनोज सैन उर्फ बिल्लू ने स्कूल में बच्चों के पीने के पानी की समस्या को देखते हुए स्कूल में आर ओ सिस्टम लगवाने की घोषणा की। सरपंच रूपा देवी व सोमनाथ जनकल्याण समिति प्रधान राजकमल, एसएमसी प्रधान संदीप ने धन्यवाद किया। मनोज सैन को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर दयाकिशन, करणसिंह, रामबिलास, ईश्वर, सुरेश, रमेश, राजेश, कृष्ण, हुकमचंद, सुरेंद्र, पप्पू, महेश, बलवान, रामफल, मुकेश कुमार, हरिओम मास्टर आदि मौजूद रहे।

दुग्ध प्रतियोगिता

### राजू यादव की दो भैंसों ने जीता 20 हजार का इनाम

भिवानी। स्वदेशी मवेशियों के संरक्षण, संवर्धन और मुर्राह नस्ल के विकास को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही मुर्राह विकास योजना के सकारात्मक परिणाम अब जमीनी स्तर पर दिखाई देने लगे हैं। इसी कड़ी में गांव बीरण स्थित पशु चिकित्सालय में तीन दिवसीय दुग्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया। 29 नवंबर तक आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में गांव के पशुपालकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पशु चिकित्सालय में डॉ. अमन गोयत के मार्गदर्शन में आयोजित प्रतियोगिता में गांव के प्रगतिशील किसान राजू पुत्र राजकुमार यादव आकर्षण का केंद्र रहे। राजू ने प्रतियोगिता में अपनी दो मुर्राह नस्ल की भैंसों के साथ हिस्सा लिया। दोनों ही भैंसों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नकद पुरस्कार अपने नाम किए। राजू की एक भैंस ने 20 किलो 62 ग्राम दूध देकर अपनी क्षमता साबित की, जबकि दूसरी भैंस ने 18 किलो 66 ग्राम दूध रिकॉर्ड करवाया। विभाग की ओर से दोनों भैंसों के लिए 20-20 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात



भिवानी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक कार्यक्रम मन की बात को सुनने और जन-जन तक पहुंचाने के मामले में भिवानी जिले ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश भर में हुए आकलन में भिवानी जिला मन की बात कार्यक्रम को सुनने में दूसरे स्थान पर रहा है। इस उपलब्धि पर भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने खुशी जाहिर करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं का विशेष आभार व्यक्त किया। रविवार को भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने बवानीखेड़ा मंडल के गांव जमालपुर में कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस दौरान कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के समापन के बाद उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने भिवानी को प्रदेश में दूसरा स्थान मिलने पर सभी को बधाई दी। इस अवसर पर मन की बात कार्यक्रम के जिला संयोजक राजकुमार धानक, दिनेश वर्मा, चेयरमैन मार्केट कमेटी भिवानी कृष्ण यादव, कैप्टन राममेहर, मा. दलबीर, सुखबीर, रमेश चौपड़ा, राजेंद्र भगत, संदीप सैन, जयकिशन, जगमिंद्र सिंह, उमेद, महाबीर, धर्मपाल, जगदीश चंद्र, जसवंत सोनी, योगी, अमरजीत, सचिन, धर्मचंद्र, सुरेंद्र तिगलाना, तिलकराज, बूथ अध्यक्ष कमल कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## खो-खो के सेमीफाइनल में हिसार और दादरी जीते



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बवानीखेड़ा

राजकीय उच्च विद्यालय बोहल में राज्य स्तरीय सब जूनियर खो खो प्रतियोगिता का दूसरे दिन का शुभारंभ भाजपा भिवानी के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक व जिला खेल अधिकारी विद्यानंद यादव द्वारा किया गया।

प्रतियोगिता में आए हुए अतिथियों का स्वागत हरियाणा स्पोर्ट्स खो खो एसोसिएशन के जिला प्रधान राजेश ढांडा व बोहल सरपंच रविंद्र कुमार द्वारा किया गया।

हरियाणा स्पोर्ट्स खो खो एसोसिएशन, भिवानी के उप प्रधान राजेंद्र बल्हारा व कोषाध्यक्ष कृष्ण यादव ने बताया कि लड़कियों के सेमीफाइनल मुकाबले में हिसार ने जींद को व फतेहाबाद ने चरखी दादरी को हराया। इसके अलावा लड़कों के सेमीफाइनल मुकाबले में हिसार ने कुरुक्षेत्र को व दादरी ने कैथल को हराया।

### बीसीएन स्पोर्ट्स अकादमी ने 8 गोल्ड जीते




भिवानी। गांव सांगा स्थित निजी स्कूल में आयोजित अश्मिता खेलो इंडिया वूमन लीग-2025 में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। प्रतियोगिता में लक्ष्मी नगर स्थित बीसीएन स्पोर्ट्स अकादमी की 12 महिला खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर 12 पदक अपने नाम किए हैं। अकादमी के कोच दीपक कुमार ने बताया कि लीग में अकादमी की खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए आठ गोल्ड, तीन सिल्वर और एक ब्रांज मेडल हासिल किया। कोच दीपक ने बताया कि प्रतियोगिता में राखी, राखी शर्मा, काव्या, काजल, राशि, प्राची, ममता व खुशी ने अपनी-अपनी स्पर्धाओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीते। वहीं पूर्वी, परि व परीधि ने रजत तथा तमन्ना ने कांस्य पदक जीतकर अकादमी, अपने परिजनों व का नाम रोशन किया। पदक जीतकर लौटीं प्रतिभावान खिलाड़ियों के सम्मान में अकादमी परिसर में भव्य समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्यतिथि महंत नारायण नाथ व महंत अंचल नाथ ने शिरकत की। इस अवसर पर एलआर शास्त्री, पवन तंवर, दीपक सोलंकी, भारत शर्मा कोच, विजय कायत, सोनू निरानिया, मनदीप निरानिया, अमित कोच रिवासा व सुरेश जांगड़ा कोच आदि खेलप्रेमी मौजूद रहे।



## बाबा जयराम दास के मेले में 14 जनवरी को होंगी विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं

# पाली गांव में 31 दिसम्बर से शुरू होगा क्रिकेट का महाकुंभ विजेता टीम को मिलेगा 2 लाख व 500 ग्राम चांदी का कप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

गांव पाली में क्रिकेट महाकुंभ 31 दिसम्बर से आयोजित किया जाएगा। इस दौरान खेल स्टेडियम में विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। क्रिकेट महाकुंभ को लेकर कमेटी सदस्यों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। क्रिकेट में विजेता टीम को कमेटी की ओर से आर्कषक इनाम दिया जाएगा। बता दें कि गांव पाली में हर वर्ष बाबा जयराम दास का मेले का आयोजन किया जाता हैं। इसी उपलक्ष्य में जिले में यहां सबसे बड़ी क्रिकेट प्रतियोगिता होती हैं। इस क्रिकेट महाकुंभ में देशभर से अनेक क्रिकेटर खिलाड़ी हिस्सा ले चुके है। पाली के इस खेल स्टेडियम में 2007 में हुए 20–20 क्रिकेट वर्ल्डकप मुकाबले में इंडिया टीम को जीत दिलाने वाले जोगेंद्र शर्मा भी खेल चुके हैं। इसके अलावा आईपीएल के अनेक खिलाड़ी यहां आ चुके है।

### 14 जनवरी को होगा बाबा का मेला

गांव पाली स्थित बाबा जयराम दास का महान मेला 14 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। परमहंस बाबा जयरामदास महाराज का मेला 77वीं बार बाबा जयरामदास मंदिर कमेटी की देखरेख में किया जाएगा। इस दौरान मेले के उपलक्ष्य में खेलकूद प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। मेले में क्रिकेट, वॉलीबॉल, कबड्डी, नेशनल लड़के और लड़कियों आयोजित की जाएगी। इसके अलावा गोला फैंक, लंबी कूद व दौड़ प्रतियोगि भी होगी। लड़कियों की कबड्डी 13 जनवरी को प्रातः 10 बजे शुरू होगी। क्रिकेट प्रतियोगिता 31 दिसम्बर से प्रारंभ कर दी जाएगी। इसके अतिरिक्त कबड्डी लड़कियों की 13 व 14 दिसबंर को, वॉलीबॉल 14 जनवरी से, कुश्ती प्रतियोगिता 14 जनवरी को आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा दौड़ 100, 200, 400, 800, 1600, 3000, 5000, लड़कियों की दौड़ 100 से 3000 मीटर तक की होगी एवं बच्चों व बुजुर्ग की भी दौड़ होगी, लम्बी कूद, 12 जनवरी प्रातः नौ बजे बाबा जयरामदास स्टेडियम पाली में करवाई जाएंगी। प्रतोगिता में विजेता खिलाड़ी को आर्कषक इनाम दिया जाएगा।


महेंद्रगढ़। बाबा जयराम दास का मंदिर। फोटो : हरिभूमि

### क्रिकेट प्रतियोगिता में यह रहेगा इनाम

क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम विजेता टीम को दो लाख एक हजार व आधा किलो चांदी का कप तथा उपविजेता टीम को एक लाख इक्कीस हजार व 250 ग्राम चांदी का कप दिया जाएगा। क्रिकेट में मैन ऑफ द सीरीज को बाइक दी जाएगी। क्रिकेट प्रथम व द्वितीय विजेता टीम को चांदी के मेडल दिए जाएंगे। क्रिकेट सेमीफइनल में हारने वाली दोनों टीमों को 11000-11000 रुपये दिए जाएंगे। क्रिकेट मैन ऑफ द मैच फाइनल में 11000 रुपये तथा सेमीफाइनल में 5100-5100 रुपये दिए जाएंगे। क्रिकेट के मैच लीग के आधार पर खेले जाएंगे। क्रिकेट बेस्ट बॉलर और बेस्ट बल्लेबाज को 5100-5100 रुपये दिए जाएंगे। इसके अलावा क्रिकेट बेस्ट फील्डर को 5100 रुपये दिए जाएंगे।

### खिलाड़ियों को यह दिया जाएगा

कुश्ती 500, 1100, 2100, 3100, 5100, 11000 21000, 31000, 51000 रुपये तक की होगी। कुश्ती में बराबर रहने पर कोई भी इनाम नहीं दी जाएगा। एथलेटिक्स का इनाम 1500 से लेकर के 6100 तक का होगा। वालीबॉल विजेता टीम को 51000 रुपये व उपविजेता टीम को 31000 रुपये दिए जाएंगे। इसके अलावा कबड्डी नेशनल में प्रथम विजेता टीम को एक लाख इक्कीस हजार रुपये तथा उपविजेता टीम को 81000 रुपये व सभी विजेता टीमों को बीजेआरडी ट्रॉफी दी जाएगी। लड़कियों की कबड्डी का प्रथम ईनाम 51000 एवं उप विजेता 31000 रुपये इनाम दिए जाएंगे। कबड्डी नेशनल पुरूष को सेमीफइनल में हारने वाली दोनों टीम को 11000-11000 दिए जाएंगे। इसके अलावा महिला प्रतियोगिता में 5100-5100 रुपये बतौर ईनाम दिए जाएंगे। कबड्डी नेशनल में फाइनल खेलने वाली दोनों टीमों को किट दिए जाएंगे। कबड्डी नेशनल लड़कियों के किट एवं एथलेटिक्स के किट दिए जाएंगे। कबड्डी तथा वॉलीबॉल की विजेता टीम के बेस्ट प्लेयर को 5100-5100 रुपये नकद दिए जाएंगे। वॉलीबॉल में फाइनल मैच में दोनों टीमों को ट्रैकसूट व किट दिए जाएंगे। इसके अलावा सभी खिलाड़ियों के लिए खाने व रहने की व्यवस्था निःशुल्क रहेंगी।

## खबर संक्षेप


महेंद्रगढ़। बैठक में उपस्थित अभिभावक।

### शिक्षक-अभिभावक सम्मेलन आयोजित

**महेंद्रगढ़।** हैप्पी एवरग्रीन स्कूल में शिक्षक-अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में अभिभावकों ने बड़ी संख्या में भाग लेते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। लगभग 1055 अभिभावकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को यादगार बनाया। सम्मेलन के दौरान अभिभावकों ने अपने बच्चों की अक्टूबर एवं नवंबर माह में आयोजित मासिक परीक्षाओं के परिणामों पर शिक्षकों से विस्तारपूर्वक चर्चा की। शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, कक्षा में सक्रियता, गृहकार्य, अनुशासन और सुधार योग्य क्षेत्रों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। विद्यालय के संचालक सुभाष चंद्र अग्रवाल, उपसंचालिका कौशल्या अग्रवाल, प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल, मैनेजर चंचल अग्रवाल तथा प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल ने कहा कि बच्चे का उज्ज्वल भविष्य तभी संभव है।

### पार्टी की स्थापना रैली का दिया निमंत्रण

**नांगल चौधरी।** हलका प्रधान एडवोकेट प्रमोद ताखर व प्रभारी विनोद भील की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने नांगल दुर्गू, बूढ़वाल, मोहनपुर, अकबरपुर, इकबालपुर नंगली, कालबा गांव में जनसंपर्क करके सात दिसंबर को जुलाना में प्रस्तावित जजपा स्थापना रैली का निमंत्रण दिया। ग्रामीणों को पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जननायक जनता पार्टी का गठन आठ साल पहले पूर्व उप प्रधानमंत्री चौ. देवीलाल के सिद्धांतों पर किया गया था। पार्टी में वर्करों को सम्मान देने की परंपरा बनी हुई है। जिसके परिणाम स्वरूप पहले ही विधानसभा चुनाव में 10 सीटें जीतने का रिकार्ड बनाया। पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के प्रयासों नांगल चौधरी को उपमंडल का दर्जा मिलना संभव हो पाया। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हजारीलाल लंबोरा, वरिष्ठ नेता रोहताश रावत, जिलेसिंह गुर्जर, अशोक नंगली, प्रदीप कुमार, जोगेंद्र निजामपुर, अमित कुमार, लाखाराम गुर्जर आदि मौजूद रहे।

### रिटायर्ड कर्मचारी संघ का धरना 17 को

**नारनौल।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ की बैठक रविवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में जिला प्रधान घनश्याम शर्मा की अध्यक्षता में हुई। जिसका संचालन जिला सचिव रोशनलाल निंबल ने किया। बैठक में राज्य आडिटर मंगतराम कौशिक, राज्य प्रेस सचिव धर्मपाल शर्मा, पूर्व राज्य उपप्रधान जगनलाल निनानिया, सर्वकर्मचारी संघ जिला पूर्व प्रधान धर्मेन्द्र यादव विशेष रूप से उपस्थित हुए। जिला प्रधान घनश्याम शर्मा ने बताया कि केंद्र सरकार आठवें वेतन आयोग में पेंशन रिवीजन निर्धारण करने में आनाकानी कर रही है। जिसके विरोध में 17 दिसंबर को उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन दिया जाएगा। इस मौके सुवालाल, छोटेलाल हेडमास्टर, ओमप्रकाश वर्मा, ताराचंद आदि मौजूद थे।

## गीता महोत्सव में स्वयं सहायता समूहों व विभागों ने लगाई स्टॉल

# गीता कर्म, समर्पण व लोक कल्याण का संदेश देने वाला ग्रंथः कंवर सिंह




नारनौल। गीता महोत्सव के दौरान बीन की सुंदर सुर लहरियों पर नाचते आगंतुक, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी व विजेता विधार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

महेंद्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि गीता केवल एक धर्म ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। यह पवित्र ग्रंथ हमें हर दिन आने वाली समस्याओं का हल दिखाती है। यादव रविवार को अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के तहत आईटीआई मैदान में आयोजित जिला स्तरीय गीता महोत्सव के दूसरे दिन बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। सबसे पहले उन्होंने विभिन्न स्वयं सहायता समूहों व विभागों की ओर से लगाई गई स्टॉल का निरीक्षण किया। इसके बाद दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

महोत्सव के दौरान अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण गीता में हमें लोक कल्याण के लिए काम करने को कहते हैं। सरकार के सबका साथ, सबका विकास और सर्वजन हिताय के नारे भी गीता के श्लोकों से प्रेरित हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी गीता के इसी संदेश को जन जन तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब हम सभी गीता के संदेश को आत्मसात करेंगे तो निश्चित रूप से 2047 तक विकसित भारत का सपना पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि गीता कर्म, समर्पण और लोक कल्याण का संदेश देने वाला एक शाश्वत ग्रंथ है। यह हर युग में प्रासंगिक है। इस कार्यक्रम के दौरान प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से कमल दीदी ने गीता पर अपने व्याख्यान दिए। इससे पहले जीओ गीता परिवार के सभी सदस्यों की तरफ से हवन यज्ञ किया गया तथा प्रसाद वितरण भी हुआ। इस मौके पर जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. शशिबाला, बीजेपी के जिला उपाध्यक्ष वासुदेव यादव, आईटीआई के प्रिंसिपल विनोद खनगवाल, माता सती वेलफेयर समिति नारनौल के अध्यक्ष सिकंदर गहली के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।


नारनौल। गीता महोत्सव में स्टॉलों का निरीक्षण करते विधायक कंवर सिंह यादव। फोटो : हरिभूमि

### समापन कार्यक्रमों में विधायक होंगे मुख्य अतिथि

आईटीआई मैदान में चल रहे जिला स्तरीय गीता महोत्सव में एक दिसम्बर को होने वाले कार्यक्रमों में पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश यादव मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। सबसे पहले चामुंडा देवी मन्दिर में सुबह हवन यज्ञ का कार्यक्रम होगा। इसके बाद गीता श्लोकोच्चारण तथा 11 बजे भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पारितोषिक वितरण कार्यक्रम 4:15 बजे तथा दीपोत्सव छह बजे किया जाएगा। जिला प्रशासन की ओर से इन सभी कार्यक्रमों की तैयारी पूरी कर ली गई हैं।

### सांस्कृतिक टीमों ने गीता थीम पर आधारित प्रस्तुति देकर शमां बांधा

*आईटीआई में चल रहे तीन दिवसीय गीता महोत्सव के दूसरे दिन वेदांता इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने जाने क्या जादू भगवान तुम्हारी व सोलो डांस, सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नांगल चौधरी हरियाणवी डांस, राजवंशी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दौचाना हरियाणा एक हरियाणवी एक, सर्वोदय हाई स्कूल नसीबपुर के छात्र छात्राओं ने गुदड़ी के लाल पर अपनी प्रस्तुति दी।*


महेंद्रगढ़। बैठक के दौरान बच्चो की रिपोर्ट लेते अभिभावक। फोटो : हरिभूमि

### बीआर स्कूल में पीटीएम का आयोजन

**महेंद्रगढ़।** बीआर स्कूल सेहलंग में रविवार को अभिभावक-अध्यापक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, कमजोरियों और आगामी परीक्षाओं की तैयारी पर अभिभावकों व शिक्षकों के बीच संवाद स्थापित करना था। अभिभावकों ने शिक्षकों से अपने बच्चों के यूनिट टेस्ट, प्री-बोर्ड प्रदर्शन और सुधार के क्षेत्रों पर विस्तार से चर्चा की। विद्यालय प्रशासन ने घर से भी नियमित पढ़ाई, होमवर्क और अनुशासन पर ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्राचार्या ज्योति भारद्वाज ने कहा कि बच्चों की शैक्षणिक उन्नति तभी संभव है, जब विद्यालय और घर दोनों से निरंतर सहयोग व निगरानी मिले। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को प्रतिदिन पढ़ाई के लिए प्रेरित करें और विद्यालय द्वारा दी गई सलाह का पालन सुनिश्चित करें। चेयरमैन हरिश भारद्वाज ने कहा कि विद्यालय व अभिभावक मिलकर ही बच्चों के भविष्य को मजबूत बना सकते हैं। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई और अभिभावकों ने विद्यालय की पहल की सराहना की।


नांगल चौधरी। पंचायत में बेटे का शादी में दहेज नहीं लेने का प्रस्ताव रखता दुल्हे का पिता मदनलाल स्वामी।

### मैकेनिक ने पुत्रों की शादी में एक रुपया व नारियल लिया

**नांगल चौधरी।** शहर के प्रमुख मैकेनिक मदनलाल स्वामी ने दोनों पुत्रों की शादी एक रुपया व नारियल लेकर समाज में फैली दहेज प्रथा को खत्म करने का संकल्प लिया है। इस दौरान युवाओं को ना दहेज लेने और ना देने का शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में विभिन्न राजनीतिक दलों तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि दोनों पुत्रों ने उच्च शिक्षा हासिल कर ली तथा प्रतियोगिक परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। मोनू व मनीष कुमार दोनों पुत्रों की शादी 29 नवंबर को निर्धारित की गई थी। शादी की विभिन्न रस्मों को पूरा करने के लिए लड़की का पिता लाखों रुपये दहेज तथा बाइक लेकर आया था, लेकिन मदनलाल स्वामी ने पंचायत में दहेज के रुपये लेने से इंकार कर दिया, तर्क दिया कि बेटियों से बढ़कर कोई दहेज नहीं होता। शिक्षित बेटियां दो परिवारों को संभालने में सक्षम होती हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही दहेज प्रथा को खत्म करने के लिए गांव वाइज अभियान चलाया जाएगा। बीते दिनों उन्होंने समाज में फैली दहेज प्रथा के खिलाफ अभियान चलाया था। इस मौके पर स्वामी समाज के महेंद्रगढ़ खंड प्रधान सुरेश कुमार, रतनलाल, बिक्रम सिंह, बुधराम, भाजपा नेता रमेश तंवर, भाजपा के पूर्व जिला प्रधान दयाराम यादव, देवेंद्र नंबरदार, देशराज यादव आदि मौजूद रहे।

## नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में नकल रहित संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

राजकीय स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन के लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् गुरुग्राम की ओर से राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृत्ति योजना (एनएमएमएसएस) की परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में नकल रहित संपन्न हुई। जिला महेंद्रगढ़ के लिए इस परीक्षा को आयोजित करने के लिए सात केंद्र बनाये गए थे, जिनमें राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नारनौल, सरस्वती बाल मंदिर वरिष्ट माध्यमिक विद्यालय पुल बाजार, सैनी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नजदीक बस स्टैंड नारनौल, राव मूलचंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खटोटी खुर्द, यदुवंशी शिक्षा निकेतन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पटीकरा एवं गुरु द्रोणाचार्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाणी किरारोद नारनौल शामिल थे। इस परीक्षा के लिए कुल 1914 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 1635 विद्यार्थियों ने यह परीक्षा दी।

- **परीक्षा के लिए कुल 1914 विद्यार्थियों ने कराया था पंजीकरण, जिनमें से आज 1635 विद्यार्थियों ने ही दी यह परीक्षा**

राजकीय कन्या वरिष्ट माध्यमिक विद्यालय नारनौल में आयोजित परीक्षा केंद्र (बी-1) में 261, (बी -2) में 271, सरस्वती बाल मंदिर वरिष्ट माध्यमिक विद्यालय पुल बाजार में 276, सैनी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नजदीक बस स्टैंड में 266, राव मूलचंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 164, यदुवंशी शिक्षा निकेतन पटीकरा में 131 एवं गुरु द्रोणाचार्य वरिष्ट माध्यमिक विद्यालय ढाणी किरारोद में 266 विद्यार्थी उपस्थित हुए। यहां बता दें कि जो विद्यार्थी इस परीक्षा में पास होंगे, उन्हें 12वीं कक्षा तक की पढ़ाई सरकारी विद्यालय में करने पर सालाना 12 हजार रुपये छात्रवृत्ति की राशि मिलेगी। योजना के अनुसार यह छात्रवृत्ति केवल आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले के विद्यार्थियों के लिए होती है।

जिले में इस परीक्षा को सुचारू रूप से चलाने के लिए दो उड़नदस्ते बनाए गए थे। एक उड़नदस्ता जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से तथा दूसरा उड़नदस्ता हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी से था। विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का औचक निरिक्षण किया।


नारनौल। परीक्षा में भाग लेते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

## मन की बात कार्यक्रम समाज के हर वर्ग के लिए उपयोगी


नारनौल। मन की बात कार्यक्रम देखते भाजपा कार्यकर्ता। फोटो : हरिभमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 128वें संस्करण का प्रसारण जिले के सभी 772 बूथो पर सुना गया। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट राकेश शर्मा ने बूथ नंबर 81 पर बूथ पदाधिकारियों के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना। कार्यक्रम के उपरांत एडवोकेट राकेश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात के आधे घंटे के प्रोग्राम में तमाम रोचक एवं प्रेरणादायक जानकारियां समाहित होती हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 128वें संस्करण में अयोध्या में राम मंदिर पर ध्वजारोहण व कुरुक्षेत्र में गीता जयंती उत्सव से जुड़ी जानकारी तथा स्वदेशी अपनाओ जैसी तमाम रोचक एवं ज्ञानवर्धक जानकारियों को समाहित किया गया था, जो समाज के हर आयु और वर्ग के लिए बेहद उपयोगी और उत्साहवर्धन करने वाला रहा है।

उन्होंने कहा कि मन की बात केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशवासियों की आकांक्षाओं, संकल्पों व सकारात्मक ऊर्जा को नई दिशा देने वाला एक विराट जन आंदोलन है। प्रधानमंत्री की ओर से साझा किए गए प्रेरणादायी विचार राष्ट्र निर्माण में निरंतर योगदान देने की शक्ति प्रदान करते हैं। राकेश शर्मा ने कहा कि आइए हम सभी मिलकर इन संकल्पों को सार्थक करने हेतु अपने अपने स्तर पर योगदान दें और एक विकसित भारत के निर्माण में साझेदार बने। कार्यक्रम में विशेष रूप से रमेश जांगिड़, प्रवीण शर्मा, कमल गोर, हिम्मतराम, लखन अग्रवाल, बसंत प्रजापत, मोहन कोहली, बिशनदयाल, भरत प्रजापत, विकास सैनी, दिनेश शर्मा, रामचंद्र शर्मा, पप्पू मिस्त्री, नितिन शर्मा, रविंद्र शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री की मन की बात का लाइव कार्यक्रम सुना

*मंडी अटेली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का 128वां एपिसोड का लाइव कार्यक्रम अटेली में भाजपा के ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पूर्व सरपंच प्रदीप सराय के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने ध्यानपूर्वक सुना। प्रधानमंत्री मोदी ने देश में रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन, खेलों में भारत की उपलब्धियों और अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की ऊंची उड़ान आदि मुद्दों पर अपने विचार रखे। इस मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप सराय ने बताया कि मन की बात कार्यक्रम प्रधानमंत्री मोदी का देश की जनता से सीधे जुड़ने का एक अहम कार्यक्रम है, जिसमें प्रधानमंत्री विभिन्न देशहित के मुद्दों पर अपने विचार जनता के साथ साझा करते हैं। वहीं मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने बताया नवंबर का महीना बहुत सी प्रेरणाएं लेकर आता है। कुछ दिन पहले ही संविधान दिवस पर सेंट्रल हॉल में विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। वंदे भारत पर होने वाले कार्यक्रमों की शुरुआत हुई और अयोध्या में राम मंदिर पर धर्मध्वजा फहराई गई।*


मंडी अटेली। मन की बात का 128वां एपिसोड लाइव सुनते हुए।

## नेकी की दीवार नीडी हेल्प ग्रुप की 10वीं वर्षगांठ पर लगाया रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शहर की अग्रणी संस्थाओं नेकी की दीवार नीडी हेल्प ग्रुप एवं रोटरी क्लब ऑफ रॉयल्स की ओर से संस्था नेकी की दीवार नीडी हेल्प ग्रुप की 10वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में ट्रॉमा सेंटर नागरिक अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्य राजेश कुमार एमएलएस डीएवी स्कूल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख समाजसेवी आशीष यादव ने की। नेकी की दीवार नीड़ी हेल्प ग्रुप के संस्थापक मनीष गोगिया ने बताया कि आज संस्था की 10वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 39वां रक्तदान शिविर आयोजित किय गया। संस्था की ओर से अनेक सामाजिक कार्य किए जाते है। जिसमें विशेष रूप से गरीब सुकन्या विवाह के अंतर्गत 451 कन्यादान किय जा चुका है। रक्तदान की श्रृंखला में सात दिसम्बर को 40वां रक्तदान शिविर गांव राता कलां में आयोजित जाएगा। मनीष गोगिया ने आए हुए सभी अतिथियों को पटका पहनाकर व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

वहीं गोगिया ने सभी युवाओं से आह्वाहन किया कि प्रत्येक व्यक्ति को साल में चार बार अवश्य रक्तदान करना चाहिए। वही आज के इस रक्तदान में महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया और पांच महिलाओं में रक्तदान किया। रोटरी क्लब ऑफ रॉयल्स के प्रधान दिनेश भार्गव ने बताया कि उनकी संस्था की ओर से स्वच्छ नारनौल स्वस्थ नारनौल मिशन के तहत नेकी की दीवार नीड़ी हेल्प ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर में 41 यूनिट एकत्रित की गई। इस मिशन के तहत दिसम्बर माह में चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। रक्तदान शिविर में डॉ. सरजीत सिंह, सुरेश कुमार, सुरभि यादव, निहाल सैनी, सुनील गोयल, संदीप जैन, मनीष गोगिया, डॉ. प्रदीप कुमार, अनिल शर्मा, राजेश यादव, दिनेश भार्गव, अनिल यादव, सत्यनारायण सैनी, अमित सैनी, पवन कटारिया, महेश सैनी, सोनू, मोहन सैनी, प्रदीप संघी, गणेशीलाल कौशिक, विजय रहीश, दुलीचंद शर्मा, देव शर्मा, आरके जांगड़ा, रानी संघी आदि मौजूद रहे।



नारनौल। शिविर में रक्तदाता को बैज लगाते हुए। फोटो : हरिभूमि